पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग उ०प्र०
(राज्यपाल सूचना परिसर)

—————

राज्यपाल ने उत्तर प्रदेश के स्थापना दिवस पर प्रदेशवासियों को बधाई दी

————

लखनऊ : 23 जनवरी, 2024

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने 24 जनवरी को उत्तर प्रदेश राज्य के स्थापना दिवस पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई दी है।

राज्यपाल जी ने अपने बधाई संदेश में उत्तर प्रदेश को संस्कृति, अध्यात्म, कला, साहित्य, स्थापत्य, पर्यटन सहित सभी क्षेत्रों में देश को अभूतपूर्व उपलब्धियां व योगदान देने वाला प्रदेश बताया। उन्होंने प्रदेश को शिल्प, परंपरा, कौशल की विविधताओं से पूर्ण बताते हुए प्रदेश के चहुंमुखी विकास, उत्तरोत्तर प्रगति, निरंतर खुशहाली एवं समृद्धि की कामना की।

————————

कृष्ण कुमार, सूचना अधिकारी, राजभवन
सम्पर्क सूत्र—9454468250